माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक :1868 /07/प्रशा0/MSU/2024–25 दिनांक :1-3-25

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. शैक्षणिक समन्वयक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः पढे विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम आयोजन दिनांक : 07 मार्च, 2025 को आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि आप अवगत है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या– 1840/07/MSU/2024–25, दिनांक 25.02.2025 द्वारा विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के संलग्न पत्र संख्या–ई–1314/32–जी0एस0/2025, दिनांक 28 फरवरी, 2025 द्वारा विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देशानुसार पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम आयोजित करते हुये जियो टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड के वीडियो तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या एवं प्रतिज्ञा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न प्रारुप पर दिनांक 07.03.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक विश्वविद्यालय की मेल आई0डी0 registrar@msuniversity.ac.in पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
02. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

लखनऊ–226027

संख्याःई– 1314/32–जी0एस0/2025

दिनांकः 28 फरवरी, 2025

प्रेषकः

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से **"पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय"** कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशानुसार कृपया उक्त कार्यक्रम को पूर्ण करने में निम्नवत् बिन्दुओं का ध्यान रखा जायः–

1. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रगण, शिक्षकगण एवं अन्य समस्त कार्मिक एक साथ अपने पसन्द की पुस्तक पढेंगें।
2. कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।
3. पुस्तक पढने हेतु स्थान का निर्धारण कर लिया जाय।यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय/महाविद्यालय अपने–अपने परिसर में आयोजित करेंगें।
4. जहॉ तक सम्भव हो पुस्तक का पाठन एक आकृति बनाकर किया जाये। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गावों को भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाय।
5. कार्यक्रम का जीओ टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो बनाया जाय।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व पुस्तक पाठन में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

28/2/25

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

संलग्नकः यथोक्त।

Scanned with CamScanner

प्रारूप

क्र0 सं0	विश्वविद्यालय का नाम	विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या	महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या	गोद लिये गये गावों में प्रतिभागियों की संख्या	अन्य प्रतिभागियों की संख्या	योग	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8

Scanned with CamScanner